
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org


जयंती विशेष
05 सितम्बर 2026
Teachers of Bihar
The Change Makers
आज का सुविचार
सच्चा गुरु वह है जो हमें खुद के बारे में
स्वतंत्र रूप से सोचना सिखाए।
डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन
(भारत के दूसरे राष्ट्रपति)
जन्म: 05 सितम्बर 1888 मृत्यु: 17 अप्रैल 1975
राकेश कुमार
www.teachersofbihar.org
/teachersofbihar

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **05.09.2026**

## समस्या समाधान क्षमता

समस्या समाधान क्षमता से तात्पर्य व्यक्ति की उस योग्यता से है, जिसके द्वारा वह किसी समस्या को समझकर, उसके कारणों का विश्लेषण करके, विभिन्न विकल्पों पर विचार करते हुए उचित समाधान खोजता और उसे लागू करता है। किसी कठिनाई या समस्या के सामने घबराने के बजाय सोच-समझकर उसका सही हल निकालने की क्षमता को समस्या समाधान क्षमता कहते हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान





रिटायर्ड एयर मार्शल **जितेंद्र मिश्रा** को अयोध्या राम मंदिर का पहला **सीईओ** बनाया गया है। हाल ही में हुए घोटाले के बाद यह **फैसला** लिया गया है।

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

मधु प्रिया



# डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जयंती

## 5 सितंबर 1888

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को हुआ था।
वे भारत के महान **शिक्षाविद, दार्शनिक, शिक्षक और राजनेता** थे।
वे भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति रहे।

- उन्होंने **शिक्षा** के महत्व पर हमेशा बल दिया।
- उनका मानना था कि **शिक्षक** समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
- उन्होंने **भारतीय दर्शन और संस्कृति** को विश्व पटल पर सम्मान दिलाया।
- उनके जन्मदिन 5 सितंबर को भारत में **शिक्षक दिवस** के रूप में मनाया जाता हैं।

### ★ महत्वपूर्ण तथ्य ★

- जन्म : 5 सितंबर 1888
- निधन : 17 अप्रैल 1975
- प्रथम उपराष्ट्रपति : 1952 – 1962
- भारत के राष्ट्रपति : 1962 – 1967
- प्रमुख कृतियाँ :
  इंडियन फिलॉसफी, द हिंदू व्यू ऑफ लाइफ, एशियांइ इंडिया, भगवद् गीता आदि

5 सितंबर

## शिक्षक दिवस

डॉ. राधाकृष्णन ने कहा था –
"शिक्षक सबसे अच्छे मन का निर्माण करते हैं।"

आइए, उनके आदर्शों को अपनाएं और शिक्षकों का सम्मान करें।

" एक महान शिक्षक केवल ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि जीवन को सही दिशा भी देता है. "

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जयंती एवं शिक्षक दिवस की **हार्दिक शुभकामनाएं !**

# Teachers of Bihar

**The change makers**

सितंबर 5

# 5 सितंबर

## 5 सितंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं

- **1666** लंदन में लगी भीषण आग में 13,200 घर क्षतिग्रस्त हो गये और आठ लोगों की मौत हो गयी।
- **1798** फ्रांस में अनिवार्य सैन्य सेवा कानून प्रभाव में आया।
- **1836** सैम ह्यूस्टन टेक्सास गणराज्य के राष्ट्रपति निर्वाचित।
- **1839** चीन में पहला अफ़ीम युद्ध शुरू हुआ।
- **1914** ब्रिटेन, फ्रांस, बेल्जियम और रूस के बीच लंदन समझौता हुआ।
- **1944** ब्रिटिश प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल ने अपनी स्कॉटलैंड यात्रा शुरू की।
- **1972** म्यूनिख ओलंपिक के दौरान फिलिस्तीनी समूह ब्लैक सितम्बर ने 11 इजरायली एथलीटों को बंधक बना लिया और बाद में उनकी हत्या कर दी।
- **1975** पुर्तगाल के प्रधानमंत्री गोंसालवेज ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया।
- **1987** अमेरिका के टेनिस खिलाड़ी जॉन मैकनरॉय पर उनके बयान के लिये 17,500 डॉलर का जुर्माना ठोका गया।
- **1991** नेल्सन मंडेला अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गये।
- **1997** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने सन् 2004 में होने वाले ग्रीष्म ओलंपिक खेलों का आयोजन एथेन्स में कराने का निश्चय किया।
- **1999** वाई नदी समझौते को कार्यान्वित करने तथा रुकी हुई पश्चिमी एशिया शांति वार्ता को आगे बढ़ाने हेतु इसायल के प्रधानमंत्री एहुद बराक तथा यासिर अराफ़ात के मध्य शर्म अल शेख (मिस्र) में शांति समझौते पर हस्ताक्षर।
- **2000** नीलंजिमालम्या, रूस में अंतर्राष्ट्रीय महिला संगठन की अध्यक्ष नियुक्त, वे इस पद को सुशोभित करने वाली पहली एशियाई महिला रहीं।
- **2001** फिजी में महेंन्द्र चौधरी, जार्ज स्पेट और लाइसेनिया करासे संसद हेतु चुने गये।
- **2002** अफ़ग़ानिस्तान के राष्ट्रपति हामिद करज़ई पर जानलेवा हमला, पर वे सुरक्षित रहे।
- **2005** मंडला एयरलाइंस का विमान 091 इंडोनेशिया में सुमात्रा के एक आवासीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसमें सवार 104 लोगों के अलावा आवासीय क्षेत्र के 39 लोगों की मौत हो गई।
- **2008** रतन टाटा के नेतृत्व में सोसायटी ऑफ़ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्यूफैक्चरर्स (सियाम) के प्रतिनिभिमण्डल ने प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भेंट की।
- **2009** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने दस कंपनियों पर शेयर बाज़ार में कारोबार करने पर प्रतिबंध लगाया।
- **2014** विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अनुमान के मुताबिक, गिनी, लाइबेरिया, नाइजीरिया, सेनेगल और सिएरा लियोन में इबोला वायरस से संक्रमित 3500 लोगों में से 1900 लोगों की मौत हो गयी।

## 5 सितंबर को जन्मे व्यक्ति

- **1993** अजीत सिंह यादव – भाला फेंक के भारतीय पैरा एथलीट हैं।
- **1986** प्रज्ञान ओझा – भारतीय क्रिकेटर हैं।
- **1958** के. के. अग्रवाल – भारतीय चिकित्सक और हृदय रोग विशेषय थे।
- **1938** अमृत तिवारी – भारतीय दंत चिकित्सक थीं।
- **1933** लक्ष्मीनारायण रामदास – अंतराष्ट्रीय स्तर पर शांति स्थापित करने के लिए 'रेमन मैन्सेसे पुरस्कार' पाने वाले भारतीय।
- **1910** फ़िरोज़ पलिया – भारतीय क्रिकेटर थे।
- **1905** वाचस्पति पाठक – प्रसिद्ध उपन्यासकार।
- **1888** सर्वपल्ली राधाकृष्णन – भारत के दूसरे राष्ट्रपति।
- **1872** चिदंबरम पिल्लई – तमिल भाषा के विद्वान् और प्रख्यात समाज-सुधारक।

## 5 सितंबर को हुए निधन

- **1997** मदर टेरेसा – विश्व प्रसिद्ध समाज सेविका हैं।
- **1995** सलिल चौधरी – हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध भारतीय संगीतकार थे।
- **1988** आर. डी. भण्डारे – भारतीय राजनीतिज्ञ, न्यायविद और अम्बेडकरवादी कार्यकर्ता थें।
- **1986** नीरजा भनोट – अशोक चक्र विजेता विमान परिचारिका थीं।
- **1986** अम्बिका प्रसाद दिव्य – भारत के जाने-माने शिक्षाविद और हिन्दी साहित्यकार।
- **1991** शरद जोशी – भारतीय, व्यंग्य रचनाकार।
- **1918** रतनजी टाटा – 'टाटा समूह' को खड़ा करने वाले चार लोगों में से एक थे।

मधु प्रिया

## 5 सितंबर के महत्वपूर्ण अवसर एवं उत्सव



### शिक्षक दिवस

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर देशभर में शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह दिन शिक्षकों के योगदान और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने का दिन है।



### राष्ट्रीय पोषाहार दिवस (सप्ताह)

पोषण के महत्व के प्रति जागरूकता फ़ैलाना और स्वस्थ भोजन की बढ़ावा देना इस दिन का उदेश्य है। यह पूरे सप्ताह मनाया जाता है। स्वस्थ भारत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

शिक्षक: राष्ट्रनिर्माता, जीवन के सच्चे मार्गदर्शक

# शिक्षक दिवस

## 10 स्मरणीय तथ्य

शिक्षक दिवस – 05 सितम्बर

हमारे जीवन को संवारने वाले गुरुओं को समर्पित यह दिवस



डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती

**01** (05 सितम्बर) शिक्षक दिवस हर वर्ष 05 सितम्बर को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

**02** डॉ. राधाकृष्णन भारत के महान दार्शनिक, शिक्षाविद, कूटनीतिज्ञ और भारत के द्वितीय राष्ट्रपति थे।

**03** जब उनसे पूछा गया कि उनके जन्मदिन को कैसे मनाया जाए, तो उन्होंने कहा – "यदि आप मेरा जन्मदिन मनाना चाहते हैं, तो उस दिन को **शिक्षक दिवस** के रूप में मनाइए।"

**04** वे शिक्षा को मानव जीवन और समाज के विकास की सबसे महत्वपूर्ण कुंजी मानते थे।

**05** उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में भारतीय दर्शन पर प्रोफ़ेसर के रूप में कार्य किया और भारतीय दर्शन को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई।

**06** डॉ. राधाकृष्णन ने भारत के उपराष्ट्रपति (1952–1962) और राष्ट्रपति (1962–1967) के रूप में देश की सेवा की।

**07** वे एक प्रखर वक्ता और लेखक थे, उनकी कई प्रसिद्ध पुस्तकें आज भी शिक्षा और दर्शन की प्रेरणा स्रोत हैं।

**08** उनका मानना था कि "शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं और राष्ट्र के भविष्य की नींव रखते हैं।"

**09** शिक्षक दिवस हमें अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और उनके योगदान को याद करने का अवसर देता है।

**10** यह दिवस हमें श्रेष्ठ शिक्षक बनने की प्रेरणा देता है और ज्ञान, संस्कार व मूल्यों के प्रसार का संकल्प दोहराने का अवसर देता है।

"शिक्षक वह दीपक है जो स्वयं जलकर, दूसरों के जीवन को प्रकाशित करता है।"

राकेश कुमार | www.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# TOB खेल कॉर्नर

## भारत VS अफगानिस्तान

### टी-20 सीरीज

| मैच | तारीख | समय |
|---|---|---|
| पहला टी-20 | 13 सितंबर | 7:00 PM |
| दूसरा टी-20 | 15 सितंबर | 7:00 PM |
| तीसरा टी-20 | 17 सितंबर | 7:00 PM |

**नोट-** तीनों मैच नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जाएंगे।


राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# आज का ToB क्वीज..

सोचिए, समझिए और सही उत्तर चुनिए !

## Q राजयक्ष्मा (राजरोग) किस रोग को कहा जाता है ?



**राजयक्ष्मा = तपेदिक (टी.बी.)**

प्राचीन आयुर्वेद ग्रंथों में तपेदिक (क्षय रोग) को राजयक्ष्मा कहा गया है।

**A** मधुमेह (डायबिटीज़)

**B** दमा (अस्थमा)

**C** तपेदिक (क्षय रोग / टी.बी.)

**D** हृदय रोग

### क्या आप जानते हैं ?

राजयक्ष्मा (राजरोग) को ही आज **तपेदिक या क्षय रोग (TB)** कहा जाता है। यह रोग **Mycobacterium tuberculosis** नामक जीवाणु से होता है, जो मुख्यतः फेफड़ों को प्रभावित करता है।




समय पर जांच और पूरा इलाज – TB को हराया जा सकता है।

**टी.बी. हारेगा – देश जीतेगा !**

“ स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। ”

# अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन 2026

## प्रारंभिक विद्यालयों के लिए

### ★★ समय सारणी ★★

| तिथि | प्रथम पाली (समय : 10.00 पुर्वाह्न से 12:00 अपराहन) | द्वितीय पाली (समय : 01:00 अपराहन से 03:00 अपराहन) |
|---|---|---|
| 15.09.2026 (मंगलवार) | हिन्दी / उर्दू / बांग्ला (कक्षा I–VIII के लिए) | विज्ञान (कक्षा VI–VIII के लिए) |
| 16.09.2026 (बुधवार) | अंग्रेजी (कक्षा I–VIII के लिए) | पर्यावरण अध्ययन / सामाजिक विज्ञान (कक्षा III–VIII के लिए) |
| 17.09.2026 (गुरुवार) | गणित (कक्षा I–VIII के लिए) | संस्कृत (कक्षा VI–VIII के लिए) |
| 18.09.2026 (शुक्रवार) | सह–शैक्षिक गतिविधियों का समेकन एवं ग्रेडिंग का निर्धारण (मकतब / उर्दू विद्यालयों को छोड़कर सभी विद्यालयों के लिए) | |
| 19.09.2026 (शनिवार) | हिन्दी (द्वितीय भाषा / अहिन्दी भाषा के लिए) (कक्षा III–VIII के लिए) | — |
| 20.09.2026 (रविवार) | सह–शैक्षिक गतिविधियों का समेकन एवं ग्रेडिंग का निर्धारण (मकतब / उर्दू विद्यालयों के लिए) | |

**विशेष निर्देश** सभी विद्यालय निर्धारित तिथियों पर मूल्यांकन कार्य समयानुसार पूर्ण करें तथा मूल्यांकन उपरांत अभिलेखों का सुरक्षित संधारण सुनिश्चित करें।



शिक्षा ही भविष्य है




## राकेश कुमार

### मध्य विद्यालय बलुआ

मनेर (पटना)

unicef

बिहार सरकार

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

TEACHERS OF BIHAR — THE CHANGE MAKERS

**माह : सितंबर 2026**

CHILD HELPLINE
1098


| शनिवार | कार्यक्रम / गतिविधि / टिप्पणी |
| --- | --- |
| 05.09.2026<br>प्रथम शनिवार<br> | डायरिया के संबंध में जानकारी तथा ओ. आर. एस. बनाने से संबंधित कौशल प्रशिक्षण  |
| 12.09.2026<br>द्वितीय शनिवार<br> | सड़क / रेल दुर्घटना से बचाव के संदर्भ में जानकारी  |
| 19.09.2026<br>तृतीय शनिवार<br> | भूकंप से खतरे एवं बचाव के बारे में जानकारी (मॉकड्रिल)  |
| 26.09.2026<br>चतुर्थ शनिवार<br> | नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव के संदर्भ में जानकारी  |

**सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित भविष्य**

**शिक्षा में सुरक्षा, बच्चों का अधिकार**



राकेश कुमार
मध्य विद्यालय बलुआ
मनेर (पटना)


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
शिक्षक समाज के निर्माता,
राष्ट्र के सच्चे मार्गदर्शक।
शिक्षक दिवस
सह
डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन
की जयंती
05 सितम्बर
“शिक्षक वह नहीं जो केवल पढ़ाता है, बल्कि वह है जो जीवन को प्रेरणा देता है।”
– डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन
शिक्षक का सम्मान, समाज का अभिमान, शिक्षक के बिना अधूरा है ज्ञान।
आइए, हम अपने शिक्षकों का आदर करें और उनके योगदान को हृदय से धन्यवाद दें।
राकेश कुमार | www.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



मध्य विद्यालय बेलागोपी
गायघाट, मुजफ्फरपुर

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



नवसृजित प्राथमिक विद्यालय बलरा दुसाध टोली
बरौली, गोपालगंज

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



प्राथमिक विद्यालय प्रखंड कॉलोनी
फुलवारीशरीफ, पटना

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



प्राथमिक विद्यालय मोथहां उर्दू
मढ़ौरा, सारण

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
आइए, ज्ञान का उत्सव मनाएं
और शिक्षक होने पर गर्व महसूस करें!
शिक्षक दिवस
विशेष ऑनलाइन क्विज -2026
• ज्ञान • सम्मान • प्रेरणा •
5 सितंबर
शिक्षक दिवस
2026
अपनी जानकारी परखें, सीखें और सम्मान पाएँ!
क्विज दिनांक
5 सितंबर 2026
(शिक्षक दिवस)
कौन भाग ले सकते हैं?
बिहार के सभी शिक्षक, शिक्षा से जुड़े साथी एवं शिक्षा प्रेमी
क्विज में भाग लेने के लिए
विजिट करें : https://som.teachersofbihar.org/
Scan करें और क्विज में भाग लें
सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए scan करें
“शिक्षक वह दीपक है जो स्वंयं जलकर दूसरों के जीवन को प्रकाशित करता है!”
– डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन
क्विज की विशेषताएं
शिक्षा, शिक्षक एवं सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्न
पूरी तरह ऑनलाइन एवं निःशुल्क
सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट
सच्चे गुरु, श्रेष्ठ राष्ट्र निर्माण
आयोजक : Teachers Of Bihar The Change Makers
हमसे जुड़े
हेल्पलाइन/संपर्क
+91 7250818080